आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 15.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर रोक लगाने से इनकार। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई, इसमें वक्फ बनाने के लिए 5 साल तक इस्लाम का पालन करने वाला खंड भी शामिल।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एयर इंडिया एक्सप्रेस की देहरादून से बेंगलुरु हवाई सेवा का शुभारंभ किया।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- चम्पावत जिले के स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन। वक्ताओं ने जिले के विकास पर अपने विचार साझा किए।

**सर्वोच्च न्यायालय/वक्फ**

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ कानून पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है, लेकिन वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के कुछ प्रावधानों को स्थगित कर दिया है। किसी व्यक्ति को अपनी संपत्ति वक्फ बनाने से पहले पांच साल तक मुस्लिम धर्म का पालन करने की अनिवार्यता वाले खंड पर रोक लगा दी गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि यह खंड तब तक निलंबित रहेगा, जब तक राज्य सरकारें इस शर्त के निर्धारण के संबंध में कोई समुचित नियम नहीं बना लेती हैं। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज अपना निर्णय सुनाया है। पीठ ने कहा है कि उसने कानून के प्रत्येक पहलू के लिए प्रथम दृष्टया चुनौती पर विचार किया है। पीठ ने कहा है कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता है।
अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन विधेयक पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह विधेयक सबसे लंबी चर्चा के बाद संसद में पारित हुआ।

**हवाई सेवा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जौलीग्रांट हवाई अड्डे से एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा देहरादून–बेंगलुरु के लिए शुरू की जा रही नई हवाई सेवा का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के समग्र विकास और हवाई संपर्क विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड में इस नई पहल के साथ ही देश की पहली अंतरराष्ट्रीय वैल्यू कैरियर एअर इंडिया एक्सप्रेस ने देहरादून हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए दैनिक सीधी उड़ानों की शुरुआत के साथ परिचालन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह सीधी हवाई सेवा उत्तराखंड के युवाओं, उद्यमियों, आईटी प्रोफेशनल्स, छात्रों और पर्यटकों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु देश की तकनीकी राजधानी है और वहां उत्तराखंड के हजारों युवा शिक्षा, सेवा और स्टार्टअप क्षेत्रों में कार्यरत हैं। अब उन्हें राज्य आने–जाने के लिए और अधिक सुविधाजनक, समयबद्ध और सुरक्षित विकल्प मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को हवाई, रेल और सड़क मार्ग से तीव्र और सुलभ संपर्क व्यवस्था से जोड़ना है, जिससे न केवल पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि राज्य में निवेश, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ''एयर कनेक्टिविटी इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट'' के अंतर्गत एयरलाइंस कंपनियों को आवश्यक सहयोग और प्रोत्साहन दे रही है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के चार वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय अखण्ड पाठ का आज विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक लोगों ने अखंड पाठ में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को उनके चार वर्ष के सफल कार्यकाल पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मुख मत्था टेककर देश और प्रदेशवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए अरदास की।

**मुख्य सचिव निरीक्षण**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्य सचिव ने पुरानी फाइलों से पटे पड़े अनुभागों में एक महीने के भीतर फाइलों की छंटनी कराने को कहा। उन्होंने सचिव, सचिवालय प्रशासन को शीघ्र ही रिकॉर्ड रूम के लिए स्थान चिन्हित कर एक रिकॉर्ड रूम तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें छंटनी के बाद आवश्यक फाइलों को व्यवस्थित रूप से रखा जा सके। मुख्य सचिव ने सचिवालय परिसर में 10 से 12 अनुभागों के लिए तात्कालिक रूप से पोटा केबिन भवन की व्यवस्था सुनिश्चित कर अनुभागों को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

साथ ही सचिवालय परिसर के अंतर्गत अनुभागों का निरीक्षण रोस्टर फिर से प्रसारित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी, निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने अनुभागों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। इसके अलावा उन्होंने सचिवालय परिसर के अंतर्गत सभी भवनों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्थापना दिवस चम्पावत**

चम्पावत जिला, आज अपना 29वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में ''आदर्श चंपावत'' पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें जिले से देशभर में प्रतिष्ठित पदों पर रहे व्यक्तियों व विशिष्टजनों ने जिले के विकास पर चर्चा की और अपने विचार साझा किए। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आदर्श चम्पावत की जो परिकल्पना की गई है, उसके तहत जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है।

**जीएसटी बागेश्वर**

प्रदेश के व्यापारी, किसानों और आमजन ने जीएसटी की दरों में कटौती के सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इस कदम से न सिर्फ़ कारोबार को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि आम आदमी की जेब पर भी बोझ कम होगा। बागेश्वर के स्थानीय व्यापारी अंकित गोयल का मानना है कि आने वाले त्योहारों के सीज़न में बिक्री में बढ़ोतरी होगी और ग्राहकों को भी किफ़ायती दामों पर सामान मिलेगा।

वहीं स्थानीय निवासी दरबान सिंह ने जीएसटी दरों में कटौती और रोजमर्रा की वस्तुओं पर टैक्स कम करने के फैसले को जनता के हित में बताया। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जनता को राहत मिलेगी।

**अभियंता दिवस**

भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में अभियंता दिवस, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बागेश्वर जिले में विभिन्न विभागों और संस्थानों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर क्षेत्र में आयोजित मुख्य समारोह में वक्ताओं ने कहा कि अभियंता, समाज और विकास की रीढ़ हैं। देश की प्रगति, सड़क, पुल, भवन और तकनीकी विकास में अभियंताओं की भूमिका अहम रही है। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक भारत की प्रगति और तकनीकी विकास में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इंजीनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष एन.के जोशी ने कहा कि अभियंताओं की सोच और परिश्रम ने देश को आधुनिक दौर में खड़ा किया है। उन्होंने युवाओं से विज्ञान और तकनीक की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।